तापमान
अधिकतम 42 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

10 कवियों ने अपनी रचनाओं से मोहा सबका मन

10 इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

खबर संक्षेप

मरम्मत के चलते कल बाधित रहेगी बिजली

अलेवा। बिजली निगम नगूरां के अधीन 33 केवी बोहतवाला बिजली घर में मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक तीन फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। राकेश जागलान ने बताया कि शुक्रवार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 11 केवी खोखरी एपी, 11 केवी बोहतवाला एपी तथा 11 केवी भारत रिसर्च औद्योगिक फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी।

गेहूं चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। गेहूं कट्टे चोरी मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द ने दोनों आरोपी कलायत निवासी गांधी व प्यारा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ढूंढ़वा निवासी सुरेंद्र की शिकायत अनुसार 19 अप्रैल की रात उनके 6 कट्टे गेहूं उद्दा राम फार्म से, 6 कट्टे गेहूं मंडी कलायत से चोरी हो गए थे।

तांत्रिक क्रिया के संदेह में भाई का कान काटा, केस

जींद। गांव मुआना में तांत्रिक क्रिया के संदेह में एक भाई ने दूसरे भाई के साथ मारपीट की और कान को दांत से काट कर अलग कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुआना निवासी सोहनलाल ने बताया कि उसकी भाई विनोद उसके घर पर तांत्रिक क्रिया करवाने का संदेह जता कर रंजिश रख रहा है।

वाशिंग सेंटर से अल्टीनेटर चोरी

कैथल। कस्बा ढांड में चोर एक वाशिंग सेंटर से अल्टीनेटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव चुहड़माजरा निवासी सुरेंद्र ने ढांड थाना में शिकायत दी कि सात मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके वाशिंग सेंटर में बने कमरे से जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर ले गया।

गोदाम के पास खड़े ट्रक से गेहूं के 65 बैग चोरी

जींद। शिल्लाखेड़ी-सिंघाना मोड पर गेहूं के बैगों से भरी गाड़ी से किसी ने 65 गेहूं के बैगों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फूड एंड स्पलाई की गेहूं को गोदाम के लिए लोड किया था।

मारपीट करने का लगाया आरोप, केस

कैथल। मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में चीका के रामचंद्र ने पुलिस को शिकायत दी कि 14 मई को आरोपी रिंकू ठाकुर, रवि राम व छह-सात अन्य लडकों ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे जान से मारने की धमकी दी।

सरेराह बाइक सवार ने महिला का बैग छीना

जींद। नरवाना के हुडा काम्पलेक्स में बाइक सवार अज्ञात युवक ने महिला के पर्स को छीन लिया और फरार हो गया। पर्स में सोने की चैन, पाजेब तथा पांच हजार रुपये की नगदी, मोबाइल फोन था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

कैथल। जिले के गांव से अज्ञात आरोपी 17 वर्षीय किशोरी को शादी करने की नीयत से फुसलाकर ले गया। लडकी पांच साल की बहन को भी ले गई। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 13 मई को अज्ञात उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया।

गाड़ी, बाइक, उपकरण, 3 क्विंटल तांबा तार व सबमर्सिबल बोर की 40 किलो तार बरामद

ट्रांसफार्मर से सामान चोर गिरोह का किया भंडाफोड़,152 वारदातें सुलझी

सीआईए-वन पुलिस ने चार आरोपितों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए है, जिनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, एक बाइक, उपकरण, 8000 रुपये, ट्रांसफार्मरों से चोरी की गई 3 क्विंटल 6 किलो तांबा तार व खेतों में लगे सबमर्सिबल बोर की 40 किलो केबल की तार बरामद किए गए। आरोपितों की गिरफ्तारी से थाना गुहला, चीका, सीवन व सदर क्षेत्र अंतर्गत की ट्रांसफार्मर चोरी तथा खेत से तार चोरी की 152 वारदातों को सुलझाने में सफलता हासिल की गई है। एसपी उपासना द्वारा सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह तथा उनकी टीम को उनकी उल्लेखनीय सफलता के दृष्टिगत बधाई दी है। एसपी उपासना ने बताया कि गांव दुसेरपुर निवासी रोशनलाल की शिकायत अनुसार 1 मई की रात गांव दुसेरपुर के 3 खेतों से 3 ट्रांसफार्मर का सामान अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। मामले को सीआईए-1 के सुपुर्द करते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के आदेश दिए गये थे। आदेशों पर खरा उतरते हुए सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एसआई रणजीत सिंह, एएसआई प्रदीप कुमार एसआई नत्थू राम, एएसआई कमलजीत, एचसी जयवीर, एचसी सुभाष, एचसी दिनेश, एचसी सुखपाल, सिपाही संदीप की टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबरी के आधार पर व साइबर सैल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह की टीम की सहायता से कार्रवाई करते हुए पातड़ा, पंजाब से 7 मई को आरोपी छोटी ढिन्डोली थाना दिड़बा जिला संगरूर पंजाब निवासी अमनदीप सिंह तथा चुनागरा रोड़ टिब्बा बस्ती पातड़ा जिला पटियाला पंजाब निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिनका माननीय न्यायालय से 8 दिन पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया । रिमांड के दौरान दिनांक 10 मई को अन्य आरोपी चुनागरा रोड़ टिब्बा बस्ती पातड़ा जिला पटियाला पंजाब निवासी राजकुमार व कर्ण को गिरफ्तार किया गया । जिनका भी माननीय न्यायालय से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि दौरान व्यापक पूछताछ करने पर आरोपियों ने जिला कैथल के थाना गुहला, चीका, सदर व सीवन के क्षेत्र में कुल 152 चोरी की वारदातों को अंजाम देने बारे कबूल किया जिनमें ट्रांसफार्मर चोरी की 144 वारदात तथा खेतों से सबमर्सिबल बोर की केबल चोरी की 8 वारदाते शामिल है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, एक बाइक, उपकरण, 8000 रुपये, ट्रांसफार्मरों से चोरी की गई 3 क्विंटल 6 किलो तांबा तार व खेतों में लगे सबमर्सिबल बोर की 40 किलो केबल की तार बरामद किए गए। एसपी ने बताया कि आरोपी दिन के समय बाइक पर वारदात करने के लिए खेतों में लगे ट्रांसफार्मर की रेकी करते थे तथा रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। ट्रांसफार्मर से सामान चोरी कर आरोपी पातड़ा स्थित कबाडी को व चलते फिरते कबाडियों को बेच देते थे। कुछ सामान आरोपी बेचने की फिराक मे थे जिसको बरामद किया गया है।

कैथल। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देती एसपी उपासना व साथ में सीआईए-1 पुलिस टीम।

कैथल। सीआईए-1 पुलिस की गिरफ्त में ट्रांसफार्मर चोर। फोटो :हरिभूमि

लापरवाहीः विजय संकल्प रैली में देरी से पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

सीएमओ ने नोटिस जारी कर की जवाब-तलबी

- राजस्थान के सीएम को आना था रैली में, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल भी आए थे
- नागरिक अस्पताल के आरएमओ को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली हमेशा सुर्खियों में रहती है। इस बार जुलाना में मंगलवार को हुई भाजपा की विजय संकल्प रैली में स्वास्थ्य विभाग की टीम के देरी से पहुंचने पर सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने गंभीरता से लिया है। टीम को सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी करते जवाब मांगा है। सीएमओ का कहना है कि अब चुनाव के समय रैलियां होनी हैं और वीआईपी का आना-जाना लगे रहेगा। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना हो जाए और स्वास्थ्य टीम मौके पर नहीं हो तो समस्या हो सकती है। ऐसा भविष्य में किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि जुलाना में मंगलवार को भाजपा की विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल को आना था लेकिन किसी कारणवश वह नही आ सके। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल रैली में पहुंचे थे। इस प्रकार वीआईपी के आने पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एंबुलेंस भेजी जाती है। इसमें एक सर्जिकल स्पेशलिस्ट तथा एक फिजिशियन का होना जरूरी होता है। जुलाना में रैली का समय अढ़ाई बजे था लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच पाई। नियमों के अनुसार वीआईपी के आने से पहले ही टीम को पहुंचना होता है। ऐसे में अब सिविल सर्जन ने नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी व नागरिक अस्पताल के आरएमओ को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है।

जींद। नागरिक अस्पताल स्थित एंबुलेंस कंट्रोल रूम।

टीम, कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। यदि समय पर टीम नहीं पहुंची तो कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सड़क के गड्ढों से चालक दुःखी

- संतोख माजरा जाने वाली सड़क बन रही हादसों का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नरवल में माइनर व वाटर सप्लाई के साथ साथ संतोख माजरा जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में व बड़े-बड़े खड्ढो से आए दिन हादसों का कारण बन रही हैं। लेकिन संबंधित विभाग लंबी तानकर सो है क्षेत्र की जगह-जगह से टूटी सड़कें अधिकतर गांवों में लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। छोटे वाहनों का तो निकलना बड़ा ही मुश्किल है मोटरसाइकिल सवार तो कई बार चोटिल भी हो चुके हैं। इस सड़क के बारे में कई बार विभाग को अवगत भी करवा चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस बारे ग्रामीण हरनाम सिंह जय भगवान विनोद कुमार कृष्णा राजवीर सतपाल आदि ने बताया कि सड़क को लेकर कई बार संबंधित विभाग को भी गुहार लगा चुके हैं। लेकिन कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिससे टूटे हुए इन मार्गों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र समाधान अगर नहीं किया गया तो फिर वह सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

नरवल गांव में माइनर के साथ संतोख माजरा जाने वाली टूटी सड़क का दृश्य।

चोरी का सामान खरीदने वाला आरोपित गिरफ्तार

कैथल। गांव मूंढड़ी स्थित एक ढुकान से सामान चोरी मामले की जांच थाना पूंडरी पुलिस के एएसआई रणदीप सिंह की टीम द्वारा करते हुए चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी पूंडरी निवासी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मूंढड़ी निवासी ईश्वर सिंह की शिकायत अनुसार गांव में करनाल रोड पर उसका मकान व ढुकान है। ढुकान में उसका लड़का सीमेंट, बजरी का काम करता है। ठेकेदारों से संबंधित लोहे का सामान भी रखा हुआ है। मनु उपरोक्त ने ढुकान से करीब 65 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा आरोपी गांव मूंढड़ी निवासी मन्नु को गिरफ्तार करके 1 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

निकासी न होने से लोग परेशान

- गांव किछाना की सड़क बनी तालाब नारेबाजी करके जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खंड के गांव किछाना में मुख्य सड़क वाल्मीकि बस्ती से गुजरती है। जो कई वर्षों से पानी की निकासी न होने व नाले नहीं होने से सारा गंदा पानी रोड पर जमा रहता है। जिससे राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। छोटे वाहनों का कोई न कोई हादसा हर दिन होता रहता है। लेकिन कई बार प्रशासन को अवगत भी करवा चुके हैं लेकिन प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा और न ही पंचायत ध्यान दे रही है।मोहल्ले में गंदे पानी की वजह से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।इस बारे ग्रामीण हरिकेश राजपाल किताब सिंह ईशम सिंह रोहतास राजू ओमपाल ने बताया कि यह गांव की मुख्य गली होने के बावजूद भी शीत ग्रस्त अवस्था में है क्षतिग्रस्त अवस्था में है। इसको लेकर कई वर्षों से मांग करते आ रहे हैं। लेकिन प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। पूरा गांव परेशान है आए दिन कोई न कोई चोटिल होता रहता है। वृद्ध व बच्चों का तो गली से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा स्कूल में आने जाने का रास्ता भी यही है।

कैथल। गली में भरा गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ का प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

कैथल। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सभी विपक्षी पार्टियों के लोकसभा उम्मीदवारों को कर्मचारियों व जानसेवाओ के विस्तार के मांग मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपते उनका रुख रवैया जानने की कड़ी में अम्बाला रोड़ स्थित दीप पैलेस पर डॉ सुशील गुप्ता को जिला प्रधान शिवचरण की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा। एसकेएस के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह, केंद्रीय कमेटी सदस्य राजेंद्र सिनंद, जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, जिला उपप्रधान छज्जू राम व जिला सलाहकार जयप्रकाश शास्त्री ने कर्मचारियों को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को दबाने के लिए राजनीति करने का आरोप लगाया जाएगा। परन्तु हम साफ करना चाहते हैं कि कर्मचारियों व जनता के हकों की, कल्याणकारी नीतियों की मांग की राजनीति हमें करनी ही होगी।

कैथल। नगर में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

दुबई भेज काम दिलाने का झांसा देकर हड़पे ढाई लाख

- पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस राशि लौटाने से मना करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवक को दुबई भेजने तथा वहां पर काम दिलाने का झांसा देकर अढ़ाई लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। दुबई न भेजे जाने पर जब राशि वापस मांगी तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रजाना कलां निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव सुल्तानपुर हिसार निवासी सुनील ने हुडा ग्राउंड में विदेश भेजने का कार्यालय खोला हुआ है। उसने अपने फेसबुक अकाउंट पर विदेश भेजने की एड लगाई हुई थी। जिसमें विदेश भेजने के साथ काम की गारंटी भी ली गई थी। अक्टूबर 2023 में उसकी मुलकात सुनील के कार्यालय में हुई। दुबई भेजने के नाम उसने अढ़ाई लाख रुपये की मांग की और वहां पर काम दिलाने की गांरटी भी ली। दस्तावेज लेने के साथ अलग-अलग खातों से सुनील के खाते में भेज दिए। बकाया डेढ़ लाख रुपये की राशि 24 दिसंबर 2023 को वह गांव सुलतानपुर जाकर दे आया। उसे आरोपित ने दुबई भेजने कर आश्वासन दिया। जिसके बाद वह 27 दिसंबर को फाइल के बारे में सुनील के घर फिर चला गया। वहां पर काफी संख्या में लोग थे। बताया कि सुनील विदेश भेजने के नाम पर कई लोगों से धोखाधड़ी कर चुका है। जब हालात को भांप कर सुनील से राशि वापस मांगी तो उसने राशि लौटाने से मना कर दिया।

जींद। धरने पर बैठे हुए बिजली कर्मचारी।

मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का रोष प्रदर्शन

सफीदों। बिजली कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा अपनी मांगों को लेकर बिजली बोर्ड कार्यालय में गेट मीटिंग करते नारेबाजी की। अध्यक्षता कर्मबीर व संचालन नरेश गांगोली ने किया। अपने संबोधन में कर्मचारियों का कहना था कि वे अपनी मांगों को लेकर पिछले 10 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों के द्वारा उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना था कि बिजली बोर्ड के अधिकारी अपने चहेते कर्मचारियों से कोई विभागीय काम नहीं ले रहे हैं। इसके चलते आंधी तुफान में गिरी हुई बिजली की लाईन आजतक पूर्ण रूप से ठीक नहीं हो पाई हैं। इसके अलावा फील्ड स्टाफ की भारी कमी है और उसे पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से मांग की कि फील्ड स्टाफ की पूर्ति की जाए तथा जो स्टाफ है उसे फील्ड में उतारा जाए। कर्मचारियों ने चेताया कि उनकी मांगे जब तक नहीं मानी जाती तब तक वे संघर्षरत रहेंगे तथा उनका धरना-प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। नीरज दलाल, रमेश, नरेश गांगोली, जगबीर बुरा, नवीन राणा, रामभेहर, बजिंद्र, नीरज व राजपाल विशेष रूप से मौजूद थे।

प्रशिक्षण कुक और सहायक को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, शेड्यूल तैयार

जींदः मिड-डे मील वर्कर्स को पकवान बनाने के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलने वाला मिड-डे मील और स्वादिष्ट होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अब पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलने वाले मिड-डे मील को और स्वादिष्ट होगा। इसके लिए विभाग की ओर से मिड-डे मील वर्करों को दाल, रोटी, सब्जी के साथ अन्य पकवान बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुक सहायक को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से ट्रेनिंग शेड्यूल तैयार किया गया है। प्रशिक्षण का शेड्यूल चार, पांच व छह जून का है। जिले में 719 स्कूलों में मिड-डे मील तैयार किया जाता है। इन मिड-डे मील केंद्रों में 719 खाना बनाने वाले मिड-डे मील वर्करों को शेड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। इन्हें बताया जाएगा की भोजन को कितने डिग्री तक पकाना है। कर्मियों को प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर ही मिलेगा। शिक्षकों का कहना है कि प्रशिक्षण इनके काम आएगा। इससे कर्मियों को खाद्य सामग्री को सही ढंग से रखने के बारे पता लग सकेगा। बर्तनों आदि को सही ढंग से लगाना सीख जाएंगे। इसके साथ भोजन पकाने की सही विधि का पता लग जाएगा। हर कार्य दिवस का अलग मेन्यू है। उसके अनुसार ही भोजन स्कूलों में बनता है। मौलिक शिक्षा निदेशालय ने इन्हें प्रशिक्षण देने का सही निर्णय लिया है।

मिड डे मील कुक को तीन दिन का मिलेगा प्रशिक्षण

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि अभी भी विद्यार्थियों को बेहतर खाना मिड डे मील में दिया जाता है। अब जो ट्रेनिंग मिड डे मील कुक को दी जाएगी। उससे खाने की गुणवत्ता में और सुधार आएगा। मिड-डे मील कुक को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का शेड्यूल चार, पांच व छह जून का है।

प्रथम सत्र में पौष्टिक आहार बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा

प्रथम सत्र में पौष्टिक आहार बनाने का प्रशिक्षण मिलेगा। दूसरे सत्र में खाना पकाने, रखरखाव, खाना पकाने की सामग्री और उसके रखरखाव के साथ रसोई खाना परोसने के बर्तनों को सही ढंग से लगाने के बारे भी ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के लिए मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला वार ट्रेनिंग शेड्यूल दिया गया है।

पूर्व सैनिक सूबेदार सुभाष पांचाल पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला के सदस्य पूर्व सैनिक सूबेदार सुभाष पांचाल पंचतत्व में विलीन हो गए। वे बंगाल इंजीनियर से 2016 में सेवानिवृत होकर 2019 से पी डब्ल्यू डी में सेवारत थे। वे अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियां छोड़ गए हैं। एसोसिएशन के प्रधान हवलदार जगजीत सिंह फौजी ने बताया कि जैसे ही ये खबर उन्हें मिली सभी साथियों को बहुत भारी दुख हुआ और उनके अंतिम संस्कार पर कैथल एवं उन के पैतृक गांव जाखौली और आसपास के गांव व उन के गांव के पूर्व सैनिकों ने जाखौली में पहुंचकर पूर्व सैनिक सूबेदार सुभाष के पार्थिक शरीर को तिरंगा झंडा उड़ा पुष्प चक्र एवं फूल मालाओं से अपने मृतक साथी को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद तिरंगे झंडे को उनके पुत्र भूपेंद्र सिंह को एसो. प्रधान जगजीत फौजी ने भेंट किया और सभी से अनुरोध किया कि ऐसी घटना हो जाती है तो एसो.को अवश्य अवगत करवाएं।

खबर संक्षेप

पंचायत ने छात्राओं और शिक्षकों का किया सम्मान

अलेवा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डाहौला गांव के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन करने के चलते बुधवार को स्कूल में पंचायत द्वारा एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश कुमार ने की।

डाहौला फीडर की बिजली लाइन से कंडक्टर चोरी

अलेवा। नगूरां बिजली निगम सब डिवीजन के अधीन लगने वाली डाहौला फीडर की बिजली लाइन से चोर एसीएसआर के कंडक्टर चोरी कर ले गए है। एरिया इंचार्ज द्वारा मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके का मुआयना कर इसकी शिकायत बिजली निगम सब डिवीजन नगूरां के एसडीओ के माध्यम से पुलिस को दी है। पुलिस को एसडीओ आंनद ने बताया कि डाहौला फीडर की बिजली लाइन शामदों से चोर एसीएसआर के कंडक्टर चोरी कर ले गए है।

अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी फीस लेकर कॉलेज के लिए निकली थी। जिसके बाद वह वापस नही लौटी।

इंटरसिटी रेलगाड़ी में यात्री के बैग से आभूषण चोरी

जींद। रोहतक रेलवे स्टेशन से जींद के लिए गंगानगर जा रही इंटरसिटी रेलगाड़ी में यात्री के बैग का लॉक तोड़ कर चार तोले सोने के जेवरात, 20 तोले चांदी के गहनों को चोरी कर लिया। रेलवे थाना पुलिस ने यात्री की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विशाखापटनम से दिल्ली होता हुआ परिवार के साथ रोहतक रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था।

चोरी के आरोपी को छुड़ाने का आरोपी काबू

जींद। गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब में चोरी के सिलसिले में धरपकड़ लिए आई पूना (महाराष्ट्र) पुलिसकर्मियों से हाथापाई कर चोरी के आरोपित को छुड़ाने के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

जिला स्तर पर कमेटी का किया गठन

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हिट.एंड.रन दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस मामले में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट एंड रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम 2022 के तहत दो लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना 2022 के तहत पीड़ित को मुआवजा के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।

ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी, केस दर्ज

जींद। गांव डाहौला में बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम नगूरां के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव डाहौला में 11 केवी ट्रांसफार्मर रखा हुआ था।

भारतीय मजदूर संघ की बैठक

नरवाना। बुधवार को भवन निर्माण श्रमिक संघ हरियाणा रजि न 2103 संबंधित भारतीय मजदूर संघ की एक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राममेहर जांगडा व एचबी ओसीडब्लू के सदस्य कर्मवीर संधू रहे। जिला अध्यक्ष बीएमएस सतबीर का भी मार्गदर्शन मिला।

बारहवीं के परीक्षा परिणाम में 41 बच्चों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने बताया कि 12वीं कक्षा में अर्पणप्रीत कौर ने कॉमर्स संकाय, अंशिका मड़ोत्रा ने नॉन मेडिकल संकाय, स्नेहा ने मेडिकल संकाय तथा 'योति कुंडू ने कला संकाय में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। बारहवीं के परीक्षा परिणाम में 41 बच्चों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया है।

जींद। इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा के मेधावी छात्र। फोटो :हरिभूमि

स्कूल में जश्न का माहौल

वहीं कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में रश्मि देवी ने प्रथम, जैसमीन ने दूसरा तथा हर्ष ने तीसरा स्थान अर्जित किया। कक्षा 10 दसवीं में भी शानदार परिणाम को दोहराते हुए 28 विद्यार्थियों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया है। विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को बधाई दी। सुरेंद्र मडोत्रा ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा हमेशा की तरह इस बार भी उत्कृष्ट परिणाम परीक्षा परिणाम देने में सफल रहा है। जिसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और अध्यापकों के सटीक मार्गदर्शन को जाता है। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रोहतास मलिक ने भी सभी मेधावी छात्र व छात्राओं को उनकी इस शानदार सफलता के दिए बधाई दी। विद्यालय में शानदार परीक्षा परिणाम को लेकर जश्न का माहौल रहा तथा विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई भी दी।

आधारशिला स्कूल की एकता मेडिकल संकाय में अव्वल

जींद। एकता को स्कूटी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम आने पर आधारशिला स्कूल के छात्रों को फूलमालाओं और मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया। लगातार पिछले वर्षों की तरह इस साल भी आधारशिला स्कूल के छात्रों ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में अपना लोहा मनवाया। विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा एकता ने मेडिकल संकाय में 98 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जींद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया। कला संकाय में ग्रेसी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। वंश ने नॉन मेडिकल में 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान बनाया। इसी तरह बारहवीं कक्षा में लगभग 78 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। कक्षा दसवीं की निशा ने भी 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में अपना दूसरा स्थान बनाया। कक्षा दसवीं के 82 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा दसवीं और बारहवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए।

भूमिका शर्मा ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया

जींद। नव दुर्गा पब्लिक स्कूल सफीदों ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपना दबदबा साबित किया है। हरविंदर पाल की बेटी भूमिका शर्मा ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। उन्होंने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए। पूरव ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा मनिका ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। 70 छात्रों के बैच से कुल 35 छात्रों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई। नव दुर्गा ग्रुप के अध्यक्ष शिव नारायण शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की।

डीएन मॉडल स्कूल ने रोड शो निकाल किया होनहार बच्चों को सम्मानित

जींद। डीएन मॉडल स्कूल के बच्चों ने शानदार परीक्षा परिणाम की खुशी में जश्न-ए-सफलता के नाम से रोड शो निकाला। जिसमें डीएन मॉडल के दसवीं कक्षा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अंकित ने 496/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल, तन्नु, उज्ज्वल, लक्षित ने 495 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। रेमन, तमन्ना ने 494 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। 27 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय को चार चांद लगा दिए। इसी तरह 12वीं कक्षा की छात्रा अंकुश ने 487/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा ने 479 अंकों के साथ द्वितीय, अन्नु साक्षी ने 472 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर डीएन मॉडल विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ दूसरे बच्चों के अभिभावकों का फूलमालाओं से स्वागत किया। रोड शो डीएन मॉडल के प्रागंण से लेकर नरवाना रोड, अपोलो रोड, कैथल रोड व रेलवे रोड से होते हुए पटियाला चौक तक गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने मित्रों की अंक प्राप्ति की खुशी में रंग व गुलाल उडाते हुए जश्न मनाया। रोड शो में उत्साह का माहौल देखते ही लग रहा था। सभी बच्चे व अध्यापकगण खुशी से नाच रहे थे।

गोपाल विद्या मंदिर के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

जींद। हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्रों ने कक्षा बारहवीं व दसवीं में उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य बलबीर व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने पुष्पमाला पहना कर छात्रों का स्वागत किया। भौतिक प्रवक्ता नरेंद्र ने बताया कि आर्ट संकाय की छात्रा सेजल ने 95 प्रतिशत अंक तथा दसवीं कक्षा में रजत ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि जहां बारहवीं कक्षा में छात्रों ने 36 मेरिट प्राप्त की वहीं दसवीं में 33 मेरिट प्राप्त कर छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष की उपलब्धि में 12वीं कक्षा की बहन सेजल ने भूगोल में 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य डा. प्रियदर्शी, रमेश बंसल, संजीव, आचार्य अभिभावक संघ की उपाध्यक्ष संगीता, अभिभावक मनजीत व विद्यालय के शिक्षक बंधु, भगिनी भी उपस्थित रहे। प्रबंध समिति अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, प्रबंधक डा. पंकज शर्मा व कोषाध्यक्ष अश्विनी गुप्ता ने अच्छे परिणाम के लिए प्राचार्य व सभी शिक्षक बंधु व भगिनी तथा छात्र व छात्राओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की।

सरकारी स्कूल की मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

जींद। गांव घोघड़ियां गांव के राजकीय कन्या हाई स्कूल में दसवीं कक्षा में मेरिट हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल मुख्याध्यापिका सुनीता और मास्टर रमेश कौशिक ने बताया कि इस बार दसवीं कक्षा की 22 छात्राओं ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया। छात्रा तमन्ना 483 अंकों के साथ पहले, ममता 429 अंकों के साथ दूसरे और महक 467 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। बुधवार को स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्याध्यापिका सुनीता ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर लगातार सुधरता जा रहा है। सरकारी स्कूलों की छात्राएं प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से अधिक अंक ले रही हैं। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले बच्चों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

जींद। केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षा में बच्चों द्वारा शानदार परीक्षा परिणाम लाने की खुशी में वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों के साथ-साथ उनके परिजन भी शामिल हुए। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अशरफगढ़ स्थित वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल का नाम रोशन करने पर स्कूल प्रशासन ने बच्चों को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के 20 विद्यार्थियों ने स्कूल में अव्वल स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ संपूर्ण स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल के छात्र आयुष ने 500 में से 476 अंक हासिल कर परिवार के साथ-साथ स्कूल का भी नाम रोशन कर दिया। आयुष ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ईशान 92 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और अभिनव 89 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके साथ-साथ 12वीं कक्षा में वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में अबिर 84 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, 'योति 82 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और तनु 80.20 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

जींद। शाखा का उद्घाटन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की डाहौला में खुली शाखा

जींद। गांव डाहौला में मंगलवार को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। शाखा के उद्घाटन अवसर पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय हिसार से क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश शर्मा ने बैंक की 686वीं शाखा का उद्घाटन करते हुए इसे गर्व की बात कहा। इस मौके पर ग्रामीणों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिला में यह सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक 15वीं शाखा है। इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक गोविंद गोयल, सुरेंद्र, राजेश गोयत, संजीव बूरा, मैनेजर प्रदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि नीरज ढिल्लो सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

- डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल ने कराटे चैंपियनशिप में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह 34वीं हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता 10 व 11 मई को कुरुक्षेत्र में हुई थी। प्रतियोगिता में लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें इशांत व भव्य ने स्वर्ण पदक, आशीष ने रजत पदक तथा तोशिका ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए डीएवी स्कूल की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए नए-नए खेल आ रहे हैं। जिनमें सभी बच्चे अपनी एक अलग पहचान बनाने को आतुर हैं। डीएवी शताब्दी स्कूल बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान कर रहा है ताकि बच्चों को भविष्य संवारने व उज्ज्वल करने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा विद्यालय का कोई भी बच्चा जब खेल कर आता है तब पदक अवश्य प्राप्त करके लाता है। जिससे विद्यालय का जींद शहर का नाम रोशन होता है। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जींद। विजेता छात्र स्कूल प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी के साथ। फोटो :हरिभूमि

जुलाना। पौली गांव में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूली स्टाफ।

पौली के सरकारी स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के पौली गांव के सरकारी स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के प्राचार्य सतीश शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि स्कूल में 29 छात्रों ने 10 वीं की परीक्षा दी थी। जिनमें से सोनिया ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निशिका ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तो दीप्ति ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा नेहा ने 82.6 प्रतिशत अंक, दीपांशु ने 80.6 प्रतिशत अंक, रितिका ने 80.2 अंक और भारती ने 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि यह परिणाम स्कूल के मेहरती स्टाफ और छात्रों की लग्न का परिणाम है। अन्य छात्रों को भी मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। जीवन में हर मुकाम को पाया जा सकता है बशर्ते उसे पाने की लग्न होनी चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर स्वीटी गहलावत, मोनिका, रामू दलाल, 'योति, सुखवंत, विजय, सुरेश, संजय आदि मौजूद रहे।

महाकवि सूरदास जयंती के उपलक्ष में काव्य उत्सव का आयोजन

कवियों ने अपनी रचनाओं से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जंक्शन के नजदीक आनंद पर्वत कालोनी में स्थित हिंदी भवन में मातृ दिवस एवं महाकवि सूरदास जयंती के उपलक्ष में काव्य उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्षा शकुंतला काजल शकुन ने कार्यक्रम में पधारे सभी काव्य साधकों का स्वागत किया। विधिवत रूप से माँ शारदे की 'योति जगा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुदेश सिवाच ने की। मंच संचालन संस्था की उपाध्यक्षा कमलेश गोयत ने किया। नरवाना से पधारी वरिष्ठ साहित्यकार असीम राणा की पौत्रियाँ पाखी एवं वंदना ने माँ वाणी की वंदना प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। छोटे से इशान ने रामायण की चौपाइयां सुना कर सबको भक्ति भाव से भर दिया। चारवी, हेजल, दृष्टि, पक्ष इन छोटे-छोटे बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद की अध्यक्षा शकुंतला काजल ने कहा कि मां हमसे कभी दूर नहीं होती है। माता-पिता का खून हमारी रगों में दौड़ता है। उन्होंने महाकवि सूरदास की जीवनी पर भी प्रकाश डाला। गोहाना से आए डा. राजीव पराशर ने कहा कि एक बुढ़िया रहवै थी अकेली, एक टूटा सा घर पुराना था, बिखरे सपनों की उस गली में मेरा रोज का आना जाना था। नारनौंद हिसार से आए गजलकार सोनू संजीदा की ये सुंदर पंक्तियां रही कि जलती धूप में ठंडी हवा जैसी मेरी मां, किसी बीमार को लगती दुआ जैसी है। वहीं सोनिया पांचाल ने कहा कि मां जन्म से तेरा साया है, सबसे बड़ी तेरी माया है। वरिष्ठ साहित्यकार असीम राणा ने गाया कि मेरा सनातन-मेरा सनातन, बलिदानों की पुण्य धरा पर खिलता हुआ सुमन। नवसृजन के तहत दिनेश शर्मा ने कहा कि मानव सेवा अच्छा कर्म है लेकिन मां बाप की सेवा उत्तम कर्म है।

जींद। काव्य उत्सव में भाग लेते हुए कवि। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूद

वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पांचाल, युवा साहित्यकार आजाद जुलानी, वरिष्ठ साहित्यकार राजकुमार जैन, जैनेंद्र गुप्ता, राधेश्याम मित्तल, मंजू मानव, धारी, तिलकराज मिगलानी, डा. सुनील सैनी, राजेंद्र शर्मा, डा. हनीफ आदि ने मौलिक रचनाएं सुनाईं।

साफ-सफाई को लेकर जागरूकता कार्यशाला

नरवाना। जागरूकता कार्यशाला में मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

चौबीसी विकास संघ द्वारा नगर परिषद के सहयोग से आर्य उप नगर नरवाना में स्थित किड्स मैलोडी प्ले स्कूल में सफाई को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ता राजबीर घणघस व सुपरवाइजर सोनू शर्मा ने अपनी बातचीत में बताया कि हम सबको मिलकर नरवाना शहर को साफ-सुथरा व स्वस्थ बनाना है। प्लास्टिक व पॉलीथिन को जड़ से मिटाना है। गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबीन में डालना है ताकि कचरे का प्रबंधन हो सके। कहा कि अध्यापक व विद्यार्थी इसमें ज्यादा भूमिका निभा सकते हैं। स्कूल के डायरैक्टर राजेश गोयल, प्रिंसिपल नीतू गोयल, मंदीप नैन, स'जन सिंह, तनू चौपड़ा, ममता, राजबाला व अन्य विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

खबर संक्षेप

जल्द शुरू होगी कालेजों में दाखिला प्रक्रिया

कैथल। 12वीं कक्षा के नतीजे आने के साथ ही राज्य भर के विभिन्न कॉलेजों में नई प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि विभिन्न नए रोजगार उन्मुखी कार्यों को शुरू करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है, जबकि उच्च शिक्षा विभाग से अनुमोदन भी पूरा हो चुका है और केवल उनके विश्वविद्यालय की मंजूरी का इंतजार है। वहीं, एनईपी के तहत मेजर और माइनर कोर्स की सीटों का उचित वितरण भी लगभग हो चुका है। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर प्राचार्य द्वारा विभिन्न बैठकें कॉलेज कार्यालय में चल रही हैं और समय आने पर विभिन्न समितियों का गठन भी किया जाएगा।

दो दर्जन से अधिक सरपंच सीएम से मिले

सीवन। मंगलवार को खंड सीवन के दो दर्जन से अधिक सरपंच गांव खानपुर के सरपंच प्रतिनिधि सोनू सैनी, सरपंच प्रतिनिधि सतनाम सिंह गांव प्रेमपुरा व भाजपा नेता शमशेर सैनी की अगुवाई में मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की और चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की बात कही।

हुड्डा आज करेंगे पाई में विशाल रैली को संबोधित

पूंडरी। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा आगामी 16 मई दिन गुरुवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के पक्ष में शाम 5 बजे गांव पाई अनाज मंडी में विशाल रैली को संबोधित करेंगे।

किसान सम्मेलन गैर राजनीतिक होगा: हाबडी

पाई। पाई में 19 मई को होने जा रहा किसान सम्मेलन गैर राजनैतिक होगा। इस आशय की जानकारी देते हुये भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबड़ी, प्रदेश के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि 19 मई को पाई की अनाज मंडी में जो किसान महापंचायत होगी, उसमें किसी भी पार्टी के नेता को न तो मंच सांझा करने दिया जायेगा और न ही बोलने दिया जायेगा।

100 लीटर लाहन के साथ युवक गिरफ्तार

जींद। जिला पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत पुलिस ने हरनामपुरा गांव में सूचना के आधार पर छापेमारी कर 100 लीटर लाहन के साथ एक व्यक्ति को काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरनामपुरा निवासी मनदीप उर्फ लालू के रुप में हुई। पुलिस टीम टीम अपराधों की रोकथाम के लिए कान्हा खेड़ा से हरनामपुरा के नजदीक मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि मनदीप उर्फ लालू कच्ची शराब भेजने का काम करता है। सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो वहां पर एक युवक नीले रंग के ड्रम के साथ खड़ा होकर उसमें कुछ डाल रहा था।

कार्यशाला में सुपरवाइजरों को दी जानकारी

जींद। लघु सचिवालय स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय परिसर में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग की सुपरवाइजर को आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों में छोटे बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए रॉकेट लर्निंग कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी कांता यादव ने बताया कि जिला जींद में 201 आंगनबाड़ी प्ले स्कूल संचालित है। दूसरे चरण में जिला में 263 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल में अपग्रेड करने के लिए चिह्नित किया गया है।

बारहवीं में आस्था शर्मा तथा दसवीं में खुशी चहल अव्वल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते एमडीएन ग्लोबल स्कूल के निदेशक डा. विनोद कुमार।

सीबीएसई द्वारा सत्र 2023-24 की कक्षा दसवीं व बारहवीं की वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही एमडीएन ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल रहा व विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। दसवीं व बारहवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के बाद अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व स्कूल चेयरपर्सन निधि कंसल ने बताया कि सत्र 2023-24 में स्कूल की बारहवीं कक्षा की नॉन-मेडिकल संकाय की छात्रा आस्था शर्मा सुपुत्री राजेश कुमार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया व रसायन विज्ञान में 100 में से 100 अंक अर्जित किए, वहीं इसी संकाय में सिमरन सुपुत्री सोनू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में वृंदा सुपुत्री मनीष कुमार ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम व विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही दसवीं कक्षा की परीक्षा में छात्रा खुशी चहल सुपुत्री महेन्द्र सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ईशान्त गोयत सुपुत्र देवेन्द्र व मुस्कान सहारण सुपुत्री मनजीत सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में रोहिन सुपुत्र कुलदीप ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय अंक प्राप्त किया।

विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग व प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने उत्कृष्ट परिणाम पर बच्चों, अभिभावकों व सभी अध्यापक साथियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। सभी टॉपर विद्यार्थियों व सीबीएसई मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन समिति ने स्कूल प्रांगण में अभिनन्दन समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों को ब्रांडेड बाईसाईकिल के साथ सम्मान स्मृति चिह्न व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

ढांड। सफाई अभियान चलाते सतपाल जांबा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सतपाल जांबा ने 54 गांवों में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढांड

एक जनवरी से पूंडरी हलके के सभी 54 गांवों की लगभग 70 सफाई कर्मचारियों, जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आज गांव कौल में सफाई के साथ संपन्न हुआ। गौरतलब है कि पूंडरी हलके के एक समाजसेवी सतपाल जांबा ने सबसे पहले अपने गांव को स्वच्छता के मामले में पूंडरी हलके ही नहीं बल्कि कैथल जिले के गांवों में अग्रणी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सफाई के मामले में गांव जांबा का कोई मुकाबला नहीं। इसके बाद समाजसेवी सतपाल जांबा ने पूंडरी के सभी 54 गांवों की सफाई करने की ठानी। एक जनवरी 2024 से उन्होंने और उनकी टीम ने पूंडरी हलके के गांवों के स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए लगभग पांच महीनों में हलके के 53 गांवों में सफलता पूर्वक अपना सफाई अभियान पूरा किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की दो टीमें बनाई। एक टीम में 40 सफाई कर्मचारी व दूसरी टीम में 30 सफाई कर्मचारियों सहित लगभग 70 सफाई कर्मचारी रहे। बेशक हलके के कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक प्रपंच बताया हो लेकिन, इससे 53 गांवों में बहुत हद तक सफाई भी हुई है। दूसरे नेता व समाजसेवियों को भी प्रेरणा लेकर ऐसा अभियान चलाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत जांबा को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया जा चुका है।

लोगों को मतदान के प्रति जागरुक कर रहे समाजसेवी सतपाल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सतपाल गुप्ता लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। वो विभिन्न संस्थानों तथा बाजारों में पैदल जाकर लोगों से मिलकर मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। उनकी संस्था की और से शत प्रतिशत मतदान करने वाले वार्ड व गांव को एक एलईडी देने की घोषणा भी की है।

वह अपने जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला लघु सचिवालय में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान करने की अपील की। वो अपने गले में स्लोगन पटिका पहनकर लोगों को इस महापर्व में भाग लेने का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने डीसी प्रशांत पंवार को भी वोट जागरूकता पैम्फलेट भी भेंट किया। चुनाव नायब तहसीलदार सुभाष ने समाजसेवी सतपाल गुप्ता के इस कार्य की सराहना की और कहा कि चुनाव प्रजातंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। प्रत्येक मतदाता को अपना कीमती वोट डालकर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

कैथल। मतदान के प्रति जागरुक करते सतपाल गुप्ता।

कहीं भी जाए तो एकल प्लास्टिक के उपयोग से बचें : डॉ. सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

डीएवी कॉलेज पूंडरी में पर्यावरण क्लब द्वारा प्लास्टिक हटाओ, जीवन बचाओ संबंधित विषय पर कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुभाष तंवर ने सभी विद्यार्थियों व युवाओं से अपील की वे जंगलों, नदियों, तालाबों में जहां भी पिकनिक के लिए जाए तो एकल प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ विश्वजीत सिंह ने 126 विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त हरियाणा की शपथ दिलाई और शहर में एक जागरूक रैली भी निकाली गई। जो कालेज से शुरू होकर शहर के मुख्य सड?ों, बाजार व चौराहों से होते हुए कालेज परिसर में संपन्न हुई। डा. तंवर ने कहा कि गर्मियों की शुरुवात में तापमान का स्तर काफी तीव्र गति से बढ़ रहा है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने चाहिए और अपने घर की छत पर पक्षियों के पीने के पानी की व्यवस्था कर उनको गर्मियों से राहत देने का कार्य करे। गौशाला व अन्य पशुओं के लिए हरा चारा, भूसा आदि दान कर पशु-पक्षियों का जीवन बचा कर पर्यावरण में योगदान दे। इस अवसर पर डॉ विकास कुमार व पूजा रानी उपस्थित रहे।

पूंडरी। डीएवी कालेज से जागरूकता रैली निकालते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त ने सरपंच को दिया निजी सुनवाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने बुधवार को खंड गुहला के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सींह के सरपंच अमनदीप को 7 जून को दोपहर बाद 3 बजे निजी सुनवाई का अवसर प्रदान किया है। इस मामले में उपायुक्त ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच अमनदीप के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होने के उपरांत पंचायत विभाग द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही हेतू पत्र क्रमांक-2729 / पंचायत दिनांक 3 मई 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

नोटिस का जवाब 7 दिन के अंदर दिया जाना था, परंतु यह पत्र प्राप्तकर्ता गांव में नहीं है, टिप्पणी के साथ कार्यालय में वापिस आ गया था। इसके बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुहला के कार्यालय से भिजवाई गई अतिरिक्त प्रति बारे भी चौकीदार द्वारा रिपोर्ट की गई कि वह सींह गांव में गया था, लेकिन मौके पर प्राप्तकर्ता नहीं मिला, तो उनके घर वालों ने पत्र लेने से मना कर दिया। आगामी कार्रवाई करते हुए उपायुक्त प्रशांत पंवार ने पत्र के माध्यम से सींह गांव के सरपंच अमनदीप को निजी सुनवाई का अवसर प्रदान किया है और गुहला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को यह निर्देश जारी किए हैं कि इस नोटिस को संबंधित के घर के आगे चस्पा किया जाए, ताकि आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

बिना हेलमेट के टू व्हीलर को कभी नहीं चलना चाहिए : संदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में मारुति ड्राइविंग स्कूल द्वारा विद्यालय के बच्चों को रोड सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य हरपाल सिंह ने की। स्कूल के कक्षा 9 से 12 के दो सौ बच्चो ने रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।मारुति ड्राइविंग स्कूल के मैनेजर संदीप कुमार द्वारा बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 18 वर्ष की उम्र में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना चाहिए। बिना हेलमेट के टू व्हीलर को कभी नहीं चलना चाहिए। शराब पीकर भी वाहन न चलाएं। देश में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ओवर स्पीड के कारण होती है। महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों द्वारा ड्राइविंग करते हुए गलतिया करने के ज्यादा केस है। विद्यालय के हिंदी पर अध्यापक सतबीर सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अजय कुमार मारुति इंस्ट्रक्टर ने बच्चों को सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षित रहने के उपाय बताएं। संदीप सिंह ने लाल,पीली,हरी बत्ती के बारे में बताते हुए कहा कि लाल बत्ती जलने पर रुकना, पीली बत्ती जलने पर तैयार रहना तथा हरी बत्ती जलने पर चलने का संकेत होता है। बच्चो द्वारा रोड सेफ्टी के संदर्भ में बहुत प्रश्न पूछे जिसका जवाब प्रशिक्षकों द्वारा मौके पर ही दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ सदस्यों में जयगोपाल, भारत, पवन नवजीत संधू, राकेश, मनजीत कुमार ,शमशेर ,संदीप मैडम अंजू, चीनू,महेश आदि उपस्थित रहे।

कैथल। मैनेजर संदीप कुमार बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी देते हुए।

महिला काव्य गोष्ठी में मातृ दिवस पर किया मां को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

महिला काव्य मंच जींद इकाई ने मकाम के संस्थापक नरेश नाज के सान्निध्य तथा हरियाणा प्रांत की अध्यक्षा इंदूराज निगम के मार्गदर्शन में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी अध्यक्ष अनीता शर्मा की अध्यक्षता में हुई। काव्य गोष्ठी का विषय मातृ दिवस रहा। इसके दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न कविताओं द्वारा अपनी.अपनी प्रस्तुतियां देकर सबको भाव.विभोर कर दिया। गोष्ठी का संचालन जींद इकाई की सचिव रेखा गुप्ता ने किया। अनीता शर्मा ने जिसके जगने से घर में सुबह होती है, वो मां ही होती है। प्रेम चौधरी ने जननी मेरी जगत कल्याणीए रेखा ने मेरी दुनिया है मां तेरे आंचल में, शिखा ने पाया है प्यार जिससे वही है मां तेरे हाथए आशा ने कहते है कि सारा घर ही तुम्हारा है। अनुबाला ने मां तुम्हारे अकेलेपन को कब पहचाना, संजू ने रोते हुए बच्चे का पलना है मां, प्रियंका ने जिस दिन से छूटा है घर तेरा, ममता की छांव नही है मिली, मीनाक्षी ने लबों पे उसके कभी बद्दुआ नही होती। बस एक मां है जो कभी खफा नही होती, सुनैना ने सब कुछ सहती है, फिर भी चुप रहती है। ट्विंकल ने बचपन को जब मैं याद करुं, हर लम्हा फरियाद करूं, बबीता ने उस मां से पूछो कैसे जन्म दिया। ममता ने कब पैरो पर कड़ी हुईए तेरी ममता की छांव में, पूनम ने मां तेरी गोद में सर रख कर सोने का मन कर रहा है।

सुविधा — निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए जिले में कुल 55 मोबाइल पोलिंग टीमों का किया गठन

जिले के 885 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता घर पर ही करेंगे मतदान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 85 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के लोगों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजों को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जिला के 885 मतदाताओं ने फार्म 12 डी भरकर पोस्टल बैलेट पेपर से यानि घर पर ही मतदान करने के लिए ईच्छा जाहिर की है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांति पूर्ण करवाने के लिए जिला में कुल 55 मोबाईल पोलिंग टीमों का गठन किया गया है। पोलिंग पार्टी में एक सैक्टर ऑफिसर, बीएलओ, पीठासीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर तथा पुलिस कर्मी आदि स्टाफ शामिल रहेगा। पोलिंग पार्टी के कर्मचारी संबंधित मतदाता के निवास स्थान पर जाएंगे और बैलेट पेपर से इनके वोट डलवाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

डीसी प्रशांत पंवार(

उन्होंने कहा कि कैथल विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 192 तथा 52 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोटिंग करने की सुविधा हेतू आवेदन किया है। इसके लिए 14 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। कैथल विधानसभा क्षेत्र के इन विशेष मतदाताओं के वोट डलवाने का कार्य 17 मई को किया जाएगा। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 218 तथा 35 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोटिंग करने की सुविधा हेतू आवेदन किया है। इसके लिए 14 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। इस विधानसभा क्षेत्र में वोट डलवाने का कार्य 18 मई को किया जाएगा।

डीसी ने कहा कि गुहला विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 133 तथा 55 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोटिंग करने की सुविधा हेतू आवेदन किया है। इसके लिए 15 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। इस विधानसभा क्षेत्र में वोट डलवाने का कार्य 17 मई को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलायत विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 155 तथा 45 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोटिंग करने की सुविधा हेतू आवेदन किया है। इसके लिए 12 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। इस विधानसभा क्षेत्र में वोट डलवाने का कार्य 17 मई को किया जाएगा। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए आयोग की ओर से जो नियम निर्धारित किए गए हैं, उनकी पूरी तरह से पालना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जो भी बैलेट पेपर लेकर आएंगे, उसके पीछे संबंधित एआरओ के हस्ताक्षर जरूर हों। डीसी ने घर से वोटिंग करने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथि को घर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र की एआरओ एवं एडीसी सी.जया श्रद्धा, कैथल विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम कैथल सुशील कुमार, कलायत विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम कलायत सत्यवान सिंह मान, गुहला विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार के नेतृत्व में संबंधित मोबाईल टीमों को प्रशिक्षण दिया गया।

कुरुक्षेत्र में 31 प्रत्याशी मैदान में : प्रशांत पंवार

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए अब 31 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों को आरओ कुरूक्षेत्र द्वारा चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं। सभी प्रत्याशियों व प्रत्याशियों के चुनावी एजेंटों से भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की ईमानदारी के साथ पालना करने की अपील भी की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से इंडियन नैशनल लोकदल के अभय सिंह को चश्मा (स्पैक्टलस), भारतीय जनता पार्टी के नवीन जिंदल को कमल (लॉटस), आम आदमी पार्टी के सुशील कुमार गुप्ता को झाड़ू, बहुजन समाज पार्टी के दीपक मेहरा को हाथी (एलीफैंट), जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार पाला राम को चाबी का चुनाव चिन्ह शामिल है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार एकम सनातन भारत दल से महावीर सिंह को बांसुरी, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से ओम प्रकाश को बैटरी, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (एकलव्य) से सतबीर को कांच का गिलास, समता पार्टी से नरेश कुमार टेलिफोन, शिरोमणी अकाली दल (अमृतसर) से खजान सिंह को बाल्टी, पीप्लस पार्टी आफ इंडिया (डैमोक्रेटिक) से इंदरजीत काम्बोज को फलों से यूक्त टोकरी, लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी से सतनाम को माचिस की डिब्बी, राष्ट्रीय गरीब दल से प्रदीप सैनी को बल्लेबाज, भारतीय आशा पार्टी से सतीश कुमार को आटो रिक्शा, ग्लोबल रिपिब्लिकन पार्टी से ओम प्रकाश इंदल को गैस सिलेंडर का चुनाव चिन्ह आंवटित किया गया है। आजाद उम्मीदवारों में अनिल को सेब, अश्वनी शर्मा हरितवाल को फुल गोभी, फूल सिंह को चारपाई, वरूण गुप्ता को बैट, जयप्रकाश शर्मा को हैडफोन, जय कुमार को गन्ना किसान, पताशो देवी को चक्की, रमेश चंद्र खटकर को करनी, अमित मलिक को ब्लैक बोर्ड, सेवा सिंह को सिलाई की मशीन, महेश चंद को सितार, मंगत राम को डोली, रामदिया को केतली, विशाल कुमार को कम्पयूटर, सुरेन्द्र चहल का आईसक्रीम, सन्नी को रोड रोलर का चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

विज्ञापन

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि नगरपालिका पुण्डरी के गृह कर असैसमैन्ट रजिस्टर के अनुसार जायदाद नं. 7RMYMF99 (2C320U31) श्री मति सुदेश रानी के नाम से दर्शायी हुई है। जिनकी मृत्यु दिनाकं 02-07-2012 को हो चुकी है। जिसके वारसानों में पंकज कुमार महावीर पुत्रान श्री सुरेश कुमार वारिस हैं। जिनकी तसदीक तहसील कार्यालय पुण्डरी द्वारा की गई है। उक्त वारिसों में सें श्रीमती सुदेश रानी पत्नी श्री सुरेश कुमार की मृत्यु हो चुकी है। इनके वारसानों द्वारा हल्फिया बयान दिया गया है कि उक्त जायदाद का किसी भी प्रकार का वाद-विवाद ना है। तथा ना ही इस जायदाद पर वर्तमान समय में किसी भी कोर्ट केस आदि ना है। अगर इसमें कुछ भी तथ्य छुपाया गया तो इसके लिए प्रार्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

अतः इस जायदाद को उपरोक्त के नाम तबदील करने में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के अन्दर-2 अपनी आपत्ति नगरपालिका पुण्डरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधि गुजरने के बाद यह जायदाद नं. 7RMYMF99 (2C320U31) श्री पकंज कुमार व महावीर पुत्रान श्री सुरेश कुमार के नाम तबदील कर दी जाएगी।

दिनाकः

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका पुण्डरी।

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल ने करवाया कीर्तन

सफीदों। वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर के नागक्षेत्र सरोवर प्रांगण में कीर्तन व हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष यशपाल सूरी ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में शिक्षाविद् एवं समाजसेवी नरेश सिंह बराड़ ने शिरकत की।

सुनीता बनीं उचाना विस महिला अध्यक्ष

उचाना। अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी जींद जिला महिला अध्यक्षा सूर्यवंशी सरोज भाटिया ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व से विचार-विमर्श करके उचाना मंडी निवासी सूर्यवंशी सुनीता गुरानी को ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के उचाना विधानसभा महिला अध्यक्षा की जिम्मेवारी दी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह समर्थक की बैठक आज

उचाना। लोकसभा चुनाव के मध्य नजर 16 मई को पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह समर्थकों की मीटिंग नवीन पेट्रोल पंप के पास होगी। यहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह पहुंचेंगे। इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बीरेंद्र सिंह के समर्थकों से वोट की अपील करने के लिए इस मीटिंग में पहुंचेंगे।

खेत से 200 मीटर केबल चोरी का आरोपित काबू

जींद । गांव कलावती में किसान के खेत से 200 मीटर की तीन फेस की तार चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान करनाल जिले के पड़ाना गांव निवासी धर्मबीर के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अमित खर्ब ने बताया कि गांव कलावती निवासी कु लबीर सिंह पिल्लूखेड़ा थाना में खेत से 26 अप्रैल की रात को 200 मीटर केबल चोरी होने की शिकायत दी थी।

प्रत्याशी जयप्रकाश आज उचाना हलके में

उचाना। इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश 16 मई को हलके के विभिन्न गांवों में पहुंचेंगे। वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि धनखड़ी, मोहनगढ़ छापड़ा, खटकड़, कसूहन, भौंसला, घोघड़िया, रोज खेड़ा में ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

19 को पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला उचाना में

उचाना। जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला के पक्ष में वोटों की अपील के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हलके का एक दिवसीय दौरा करेंगे। 19 मई को झील गांव से दौरे की शुरूआत करेंगे। प्रो. जगदीश सिहाग एवं जोरा सिंह डूमरखा ने बताया कि घसो कलां, घसो खुर्द, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी कलां, संडील, थुआ, कुचराना खुर्द, गुरूकुल खेड़ा, अलीपुरा, पालवां, खरकभूरा, सफा खेड़ी, सेढ़ा माजरा गांव में पहुंचेंगे।

अनाधिकृत कालोनी को लेकर भूमि का खसरा नंबर जारी

अनाधिकृत कॉलोनियों में नहीं करें खरीद-फरोख्त

खास बातें

- जिला नगर योजनाकार लगातार कर रहा है अवैध कालोनियों पर कार्रवाई
- शहरी क्षेत्र जींद में अनाधिकृत कॉलोनियों में जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं करें : मनीष दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। अवैध निर्माणों को गिराते हुए डीटीपी विभाग की टीम। फाइल फोटो

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा लगातार अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों पर कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके कॉलोनीनाइजर आमजन को झूठे आश्वासन देकर फांसने का काम कर रहे हैं। ऐसे में जिला नगर योजनाकार विभाग ने ऐसे लोगों से सावधान रहने के लिए कहा है और साथ ही अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों की जगह को जारी किया है ताकि लोग सचेत हो सकें। गौरतलब है कि कई स्थानों पर सड़कों के साथ कृषि योग्य जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे हैं और अवैध रूप से कालोनियां काटी जा रही हैं। नियमानुसार कृषि योग्य जमीन को रिहायश में बदलने के लिए जिला नगर योजनाकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। जिसके लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन भी जारी की हुई है। नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे हैं। डीटीपी विभाग कार्रवाई भी की जा रही है।

डीटीपी विभाग ने जारी की सूची

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि जींद में किल्ला नंबर/खसरा नंबर 82//5, 81//1, 2, 73//21, 22 और अमरहेड़ी खसरा नंबर 905, 906//1 में भूमाफिया द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी विभाग से बिना लाइसेंस, सीएलयू, एनओसी प्राप्त किए विकसित की जा रही है। विभाग द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसे में आमजन से अपील है कि इस किला नंबर, खसरा नंबर में बिक्री के लिए किसी भी प्रकार के अनुबंध, पूर्ण भुगतान समझौते, पावर ऑफ अटॉर्नी को पंजीकृत निष्पादित नहीं करें।

शहरी क्षेत्र जींद में अनाधिकृत कॉलोनियों में जमीन

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे शहरी क्षेत्र जींद में अनाधिकृत कॉलोनियों में जमीन की खरीद-फरोख्त नहीं करें। ऐसा करना अवैध है। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ भूमाफियाओं द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी में भूमि की बिक्री करने का मामला संज्ञान में आया है, जो अवैध है। ऐसे में लोग इन जगहों पर किसी तरह की जमीन की खरीद-फरोख्त न करें।

फरल में गांव के बीच में खड़ी जर्जर हालत में टंकी

लगभग 50 वर्ष पुरानी टंकी के टुकड़े खुद गिर रहे

- 125 फीट ऊंची हैं पानी की टंकी चारों तरफ से घरों से घिरी हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फरल में 125 फुट लंबी लगभग 50 वर्ष पुरानी पानी की टंकी जर्जर हालत में खड़ी हुई है। इसके चारों तरफ ग्रामीणों के मकान बने हुए है। टंकी का आलम ये है कि इसके टुकड़े टूट टूटकर खुद ही नीचे गिर रहे है। इसी प्रकार से कभी ये टंकी खुद ही गिर जाती है तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिसमें जानमाल का नुकसान हो सकता है। लगभग 20 हजार की आबादी वाले गांव में पानी सप्लाई के लिए एकमात्र पानी की टंकी ही साधन थी, आधे गांव की आबादी ऊंचाई पर होने की वजह से टंकी की लंबाई भी 125 फूट रखी गई थी। समय के बदलाव के साथ गांव में लगभग आधा दर्जन टयुवेल से अब गांव में सप्लाई होती है और अब टंकी किसी भी इस्तेमाल में नहीं है। टंकी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को हर समय इसके गिरने का भय ना रहता है। तीन दिन पहले चली तेज हवा में टंकी से मलबा टूटकर गिरने से टंकी के पास बने घरों के निवासी सहम गए। गनीमत यह रही कि उस समय वहां पर बच्चे नहीं खेल रहे थे। बता दें कि पानी की इस टंकी के पास दर्जनों घर बने हुए हैं। स्थानीय लोगों, मोनी राणा, संदीप सिंह, सुखबीर सिंह, ईश्वर सिंह, जसवीर सिंह, गुरु महेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, मामचंद ने बताया कि वे कई बार इसकी शिकायत कर चुके हैं लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी इसके तरफ कोई ध्यान नही दे रहे है।

1977 में हुआ था निर्माण

गांव फरल में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्ष 1977 के आस पास लगभग 125 फीट ऊंची इस पानी की टंकी का निर्माण हुआ था। उस समय में गांव फरल के लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्तंभ यही पानी की टंकी थी।

मामले की होगी जांच : डीसी अमित

उनके संज्ञान में ये मामला नहीं था। अब जल्दी ही इसको गिराने का टेंडर लगा दिया जाएगा। शीघ्र ही टीम टंकी का दौरा कर परिस्थिति से उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवा देगी और इसकी अग्रुवैल लेकर इसको गिरा दिया जाएगा।
जगदीश चंद, एसडीओ पब्लिक हेल्थ पूंडरी।

कांग्रेस सरकार में था भ्रष्टाचार और आतंक का माहौलः मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को सफीदो विधानसभा अन्तर्गत गांव और कस्बों में जनसंपर्क किया। जिसमें उन्होंने उपस्थित लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की। बड़ौली अपने जनसंपर्क अभियान के क्रम में बुधवार को कुराड़, बिटानी, सरफाबाद, रोझला, होसियारपुर, रामनगर, हरिगढ़ समेत 18 गांवों में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंपर्क किया। आयोजित चौपाल में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस की नाकामियों और भाजपा के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में पूरे देश में भ्रष्टाचार और आतंक का माहौल था। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में इस कदर डूब चुके है कि जब कांग्रेस नेताओं के घर छापे पड़ते हैं तो कई-कई दिनों तक तो मशीन से नोट गिनने में लग जाता है। जिसके बाद कांग्रेस के इस कलंकित काल को खत्म करने के लिए नरेंद्र मोदी ने भय, भूख और भ्रष्टाचार को दूर करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने का काम किया।

मोबाइल पोलिंग पार्टियां जिम्मेदारी से करें कार्यः सी जया श्रद्धा

कैथल। एडीसी एवं पूंडरी एआरओ सी. जया श्रद्धा ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को भी उनके घर पर मतदान करवाने के लिए जो मोबाईल पोलिंग टीमें बनाई गई हैं, वे अपना कार्य जिम्मेदारी से करें। घर पर वोटिंग के दौरान बुजुर्ग तथा दिव्यांगजनों को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए और इस दौरान मतदान की गोपनीयता भी सुनिश्चित की जाए। एडीसी एवं पूंडरी एआरओ सी. जया श्रद्धा बुधवार को जिला परिषद के हॉल में मोबाईल पोलिंग टीमों के लिए आयोजित प्रशिक्षण के दौरान बोल रही थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा पूंडरी क्षेत्र में कुल 253 मतदाताओं ने घर पर मतदान के लिए आवेदन किया है, जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 218 मतदाता तथा 55 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

कुलपति डॉ. रणपाल सिंह को कर्नल कमांडेन्ट की उपाधि से नवाजा

- देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मंडल में से डॉ. रणपाल सिंह एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। सीआरएसयू कुलपति डा. रणपाल सिंह को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजते हुए।

भारत सरकार ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रणपाल सिंह को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजा है। देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मंडल में से डा. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है। डा. रणपाल सिंह कैडेट कोर के कर्नल कमांडेंट कुलपति हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेना मेडल विभूषित मेजर जनरल मनजीत सिंह मोखा, विशिष्ट अतिथि हरियाणा रा'य उच्चतर शिक्षा कॉउंसिल के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़, ब्रिगेडियर विकास राय, सुनीता सिंह ने राष्ट्रीय प्रतीक से सुसज्जित कर उन्हें इस उपाधि से अलंकृत किया। मुख्यअतिथि ने शहीद कैप्टन पवन के शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात मेजर जरनल मनजीत मोखा ने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। मंच संचालन डा. अपूर्वा रेढू और एनसीसी कैडेट आस्था ने किया। कुलपति कर्नल डा. रणपाल सिंह ने आभार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि आज इस उपाधि और वर्दी को धारण कर अति प्रसन्न हैं लेकिन यह सम्मान केवल उनका नहीं अपितु सीआरएसयू का सम्मान है। भारत की राष्ट्रपति, भारतीय रक्षा मंत्रालय तथा महानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर का धन्यवाद किया।

हार देखकर कांग्रेस खेमे में बौखलाहट : रणजीत सिंह

- भाजपा उम्मीदवार ने किया उचाना क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों का दौरा

हिसार। ग्रामीणों को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी चौ. रणजीत सिंह।

हिसार। हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि अपनी हार निश्चित जानकर कांग्रेस खेमे में बौखलाहट है। कांग्रेसियों को अब पूरी तरह से आभास हो गया है कि जनता उनको घास नहीं डाल रही। रणजीत सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उचाना विधानसभा क्षेत्र के काकड़ोद की ब्राह्मण चौपाल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उचाना विधानसभा के उदयपुर, दुर्जनपुर, नचार खेड़ा, काकड़ोद व मखंड सहित डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी दौरा करके जनता से वोटों की अपील की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बौखलाहट इसी बात से सिद्ध हो जाती है कि कांग्रेस के उम्मीदवार अब जगह-जगह वोटरों को धमकाने लगे हैं। यदि कोई उनसे सवाल पूछे तो उनको सीधा जवाब देने की बजाय वे धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल करते हैं, जो निंदनीय है।

इसके अलावा अनेक स्थानों पर उनका विरोध हो रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के इस दावे को हास्यास्पद बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिसार से जयप्रकाश को जितवा दो, हरियाणा में सरकार बना देंगे। उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को अच्छी तरह से पता है कि ये चुनाव लोकसभा का है, यहां पर प्रधानमंत्री का चुनाव होना है और जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान ली है। ऐसे में हुड्डा के पास ऐसी कौन सी जादुई छड़ी है, जिसके चलते एक एमपी जीतने पर वे हरियाणा में सरकार बना दें। ये सब गुमराह करने वाली बातें हैं और हुड्डा को पता चल चुका है कि वे रोहतक सहित हरियाणा की सभी सीटें बुरी तरह से हार रहे हैं। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के तौर पर हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। वे भरोसा दिलाते हैं कि चुनाव में जीत के बाद क्षेत्र की सेवा में कोई असर नहीं छोड़ेंगे।

किसान नेता टेकराम कंडेला के नेतृत्व वाले संगठन ने किया रणजीत सिंह का समर्थनः हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को सर्व जातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक एवं भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने समर्थन करने का ऐलान कर दिया। इससे पहले टेकराम कंडेला व अन्य ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व उम्मीदवार रणजीत सिंह से मुलाकात करके किसानों सहित प्रदेश से जुड़ी अन्य मांगें भी रखी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि किसानों के मसले पर हमारे संगठन की सरकार से नाराजगी थी, जिस पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हमें बुलाया और बातचीत की। हमने किसानों से जुड़ी मांगें रखी, जिनमें सम्मान निधि बढ़ाने, किसान आंदोलन के समय दर्ज मुकदमे रद करने, प्राकृति व मोटी खेती को बढ़ावा देने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, हिन्दू मैरिज एक्ट में बदलाव सहित अन्य भी थी। भाजपा उम्मीदवार ने उन्हें भरोसा दिलाया कि चुनाव के बाद प्रधानमंत्री या केन्द्रीय गृह मंत्री से उन्हें मिलवाकर मांगों व समस्याओं का समाधान निकलवाया जाएगा।

लोस चुनाव में युवा बूथ पर होंगे युवा अधिकारी

- महिला बूथ पर होंगी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला की विधानसभा क्षेत्र जींद, नरवाना, उचाना, सफीदों में उपमंडल स्तर पर एक-एक मॉडल, दिव्यांग, सखी व युवा बूथ बनाए गए हैं। जबकि जुलाना उपमंडल पर एक मॉडल, दिव्यांग, युवा व दो सखी बूथ बनाए गए हैं ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। युवा बूथों पर युवा अधिकारी व कर्मचारी तैनात होंगे तथा सखी यानि महिला बूथ पर केवल महिला अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी देंगी।

सफीदों में यह है सखी बूथ

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 35 सफीदों का मॉडल बूथ राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों बूथ नंबर 58, दिव्यांग बूथ राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल बूथ नंबर 50, सखी बूथ राजकीय गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल सफीदों बूथ नंबर 56 तथा युवा बूथ राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल सफीदों के 51 में बनाया गया है।

जिले में कुल दस लाख 16 हजार 282 मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों पूरी की जा चुकी हैं। मतदाताओं को मतदान में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सभी बूथों पर हर जरूरी सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल दस लाख 16 हजार 282 मतदाता हैं। जिसमें से पुरुष मतदाता 5 लाख 42 हजार 821 है तथा महिला मतदाता 4 लाख 73 हजार 449 हैं। वहीं 12 ट्रांसजैंडर है।

विद्यार्थियों को दी जैव विविधता की जानकारी

विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। जैव विविधता कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष रणदीप सिंह जोहार, वन मंडल अधिकारी पवन कुमार ग्रोवर के मार्गदर्शन में जींद जिले के स्कूलों में जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि जैव विविधता को बचाया जा सके। बुधवार को जिला के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गएए जिनमें विद्यार्थियों जैव विविधता को बचाने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

जिला समन्वयक विष्णु कुमार बागड़ी ने बताया कि हरियाणा ने रा'य के अलग-अलग जगहों परं पैदा होने वाली तमाम जड़ी, बूटियों को सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रा'य भर में जैव विविधता समितियों का गठन किया गया है। जैव विविधता समितियों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह अपने-अपने क्षेत्र का जैव विविधता रजिस्टर तैयार करें। जिसमें सभी प्रकार की जैव विविधता को दर्ज किया जाए ताकि उस क्षेत्र में उपलब्ध जैव विविधता के बारे में पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रकृति एवं पर्यावरण में संतुलन पर ही जैव विविधता का अस्तित्व संभव है और इसी प्रकार जैव विविधता के कारण ही पर्यावरण में संतुलन बना रह सकता है। बुधवार को कंडेला प्राइमरी स्कूल, बीएल मेमोरियल हाई स्कूल अमरहेड़ी, राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), जींद, राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पुरुष) जींद में जागरूकता कार्यक्रम किए गए हैं। जींद जिला समन्वयक व वन विभाग जींद रेंज कार्यालय से रेंज ऑफिसर अमित कुमार के निर्देशानुसार उनकी टीम से लालीराम ब्लॉक ऑफिसर ने भी स्कूलों विद्यार्थियों को जैव विविधता के बारे में जागरूक किया। बच्चों को बताया गया कि लगातार पर्यावरण बहुत अधिक दूषित होता जा रहा है, इसलिए हमें इसको बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ व पौधे लगाने चाहिए ताकि वातावरण को शुद्ध रखा जा सके जो वन्य जीव प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं। हमें उनको बचाने के लिए भी कोशिश करनी चाहिए। बच्चों को आह्वान किया गया कि वे वे अपने जन्मदिन पर एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं। महिला आईटीआई प्रिंसिपल नरेश कुमार कंडेला, प्राथमिक पाठशाला से मुख्य अध्यापिका सुनीता देवी, बीएल मेमोरियल हाई स्कूल से हेड मास्टर दिलबाग चौहान मौजूद रहे और बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।

स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम पर निजी क्लीनिक संचालक ने उठाए सवाल

- मेडिकल के मामले में तीन दिन पहले टीम ने दी थी निजी क्लीनिक पर दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। रिकार्ड दिखाते हुए डा. अरविंद पाठक।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मेडिकल मामले में की गई जांच पर निजी क्लीनिक के डा. अरविंद पाठक ने जांच टीम पर ही सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग तीन सदस्यीय टीम उनके क्लीनिक पर जांच के लिए पहुंची थी। उन्होंने टीम को बैंक ऑफ बड़ौदा के नरेश कुमार मरीज की एंट्री दिखा दी थी। मरीज नरेश 19 जुलाई 2023, एक सितंबर 2023 और 28 सितंबर को उनके यहा से दवाई लेकर गया था। जो कि क्लीनिक के रजिस्टर में दर्ज है। मरीज ने उपरोक्त तारीखों में उनसे इलाज इलाज करवाया हुआ था। उन्होंने तारिखों का मेडिकल दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्हें जांच के सिलसिले में नागरिक अस्पताल बुलाया गया था। पारिवारिक कारणों से नागरिक अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे। उन्होंने कहा कि जांच टीम ने तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है। ना तो उनका रिकार्ड सील हुआ और ना ही उन्हें कोई कॉपी दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि जो जांच टीम ने लिखा, उसके बारे मे भी उन्हें नही पढाया गया। केवल हस्ताक्षर करवा लिए गए। फिर उनके बारे में अनर्गल टिप्पणी कर दी गई।